प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25.07.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- दल बदल मामले में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम और भाजपा विधायक जेपी पटेल की सदस्यता रद्द की।
- लोकसभा में सांसद निशिकांत दुबे ने संताल परगना में आदिवासियों की घटती आबादी का मामला उठाया, केन्द्र सरकार से एनआरसी लागू करने का किया अनुरोध।
- झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र कल से, विधानसभा अध्यक्ष ने सर्वदलीय बैठक कर सभी सदस्यों से सदन के सुचारु संचालन में सहयोग की अपील की।
- नीट पेपर लीक मामले की जांच करने सीबीआई की टीम फिर हजारीबाग पहुंची, ओएसिस स्कूल और राज गेस्ट हाउस की ली तलाशी।
- पेरिस ओलंपिक के रैंकिंग राउंड में भारतीय महिला रिकर्व टीम ने क्वार्टर फाइनल में बनायी जगह, झारखंड की दीपिका कुमारी के अलावा अंकिता भकत और भजन कौर का शानदार प्रदर्शन।

****

विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम और भाजपा विधायक जेपी पटेल की सदस्यता रद्द कर दी है। दोनों को संविधान की 10 वीं अनुसूची के तहत दल–बदल के दोषी पाये जाने पर यह कार्रवाई की गयी। दल–बदल मामले में विधानसभा अध्यक्ष के न्यायाधिकरण में लगातार दो दिनों तक सुनवाई चली। इसके बाद आज स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने दोनों विधायक की सदस्यता खत्म करने का फैसला सुनाया।

****

गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने आज लोकसभा में संताल परगना में आदिवासियों की घटती संख्या का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि बिहार से अलग होने के बाद वर्ष 2000 में संताल परगना में 30 प्रतिशत आदिवासी थे लेकिन आज उनकी आबादी केवल 26 प्रतिशत रह गयी है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने और क्षेत्र में एनआरसी लागू करने का अनुरोध किया।

****

इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं रह गया है। यही कारण है कि वह संताल परगना में डेमोग्राफी चेंज होने का शिगूफा छोड़ रहा है।

****

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र कल से शुरू होने जा रहा है। इस सिलसिले में आज विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आहूत की गई। बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बैठक के दौरान औपबंधिक कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक में अन्य दलों के नेताओं के अलावा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल हुए।

साउंड बाइट– रबीन्द्र नाथ महतो, रांची–33 सेकेंड

बाद में पत्रकारों से बातचीत में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मानसून सत्र को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि जो सवाल सरकार के समक्ष आएगी उनका जवाब दिया जाएगा।

****

भारतीय जनता पार्टी ने सदन के भीतर सरकार को घेरने की तैयारी कर रखी है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि विधि व्यवस्था और भ्रष्टाचार समेत अन्य मुद्दों पर विपक्ष सरकार से जवाब मांगेगा।

****

नीट पेपर लीक मामले की जांच को लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो–सीबीआई की टीम आज फिर से हजारीबाग पहुंची। तीन वाहनों से पहुंची सीबीआई की टीम ने ओएसिस स्कूल और राज गेस्ट हाउस की तलाशी ली।

सीबीआई की टीम तीन संदिग्धों को साथ लेकर छानबीन की। सूत्रों के अनुसार इस दौरान सीबीआई को कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी हाथ लगे हैं।

****

राज्य में आज मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया गया। झारखंड के मुख्य चुनाव अधिकारी के.रवि कुमार ने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे मतदान केन्द्र पर जाकर मतदाता सूची के प्रारूप में अपने नाम की पुष्टि करें। अगर सूची में कुछ भी त्रुटि हो तो तुरंत ब्लॉक स्तर के अधिकारी को सूचित करें। मतदाता निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्प लाइन ऐप और वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से घर बैठे भी ऑनलाइन अपने नाम की पुष्टि कर सकते हैं। 20 अगस्त को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके साथ ही आज पूरे राज्य में दोपहर बारह बजे से एक बजे तक चुनाव आयोग द्वारा सोशल मीडिया पर नाम जांचो अभियान भी चलाया गया, जिसमें आम से लेकर खास तक ने हिस्सा लिया।

****

श्री रामचरितमानस सेवा संस्थान देवघर में कांवरियों की सेवा में लगातार लगा हुआ है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

राज्य में मानसून फिर सक्रिय हो गया है। रांची और जामताड़ा समेत कई जिलों में आज मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गयी। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 28 जुलाई तक मौसम में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

****

पेरिस ओलिंपिक में आज महिला तीरंदाजी के रैंकिंग राउंड की शुरुआत हुई। भारतीय टीम इस राउंड में चौथे नंबर पर रही। उसने एक हजार नौ सौ तेरासी अंक हासिल किये और सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। झारखंड की तीरंदाज दीपिका कुमारी के अलावा अंकिता भकत और भजन कौर ने भी शानदार प्रदर्शन किया। अंकिता भकत 11वें स्थान पर रहीं जबकि भजन कौर को 22वां और दीपिका कुमारी को 23वां स्थान प्राप्त हुआ।

********समाप्त********